|| ॐ ||

श्रुतं मे गोपाय

# श्री पंचायती स्वामी ब्रह्मानन्द आदर्श संस्कृत महाविद्यालय

नया बाजार, पो0 : पुरानी बस्ती, जिला-बस्ती

पत्रांक सं०म०-12/2025-26 दिनांक 9-9-2025

System Analyst
12/9/2025

प्रेषक,

प्रबन्धक,
श्री पंचायती स्वामी ब्रह्मानन्द आदर्श संस्कृत
महाविद्यालय नया बाजार बस्ती.

सेवा में,

Registrar

श्रीमान कुलसचिव,
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी,

विषय- प्रकाशित (सूचना/संशोधित विज्ञापन) दिनांक 6-9-2025 को विश्व विद्यालय के वेबसाइट www.ssvv.ac.in पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में,

महोदय,

निवेदन है कि श्री पंचायती स्वामी ब्रह्मानन्द आदर्श संस्कृत महाविद्यालय नया बाजार बस्ती में व्याकरण विभागाध्यक्ष पद नियुक्ति किये जाने हेतु पद का विज्ञापन दिनांक 6-7-2025 को दैनिक समाचार पत्र आज, सहारा, स्वतंत्र भारत में प्रकाशित किया गया था पुनः संशोधित विज्ञापन दिनांक 31-7-2025 को एवं 1-8-25 को प्रकाशित किया गया उक्त प्रकाशन का विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड न किये जाने के कारण पुनः संशोधित विज्ञापन दैनिक समाचार पत्र आज एवं राष्ट्रीय सहारा में दिनांक 6-9-25 को प्रकाशित कराया गया प्रकाशित सूचना पत्र की मूल प्रति एवं श्रीमान जिला विद्यालय निरीक्षक बस्ती द्वारा निर्गत पदपूर्ति एवं नियुक्ति/अनुज्ञा आदेश की छाया प्रति संलग्न कर विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्राप्त करा रहा हूँ।

अतः श्रीमान जी पत्र के साथ संलग्नकों को प्राप्त कर संशोधित विज्ञप्ति विश्व विद्यालय के वेबसाइट www.ssvv.ac.in पर अपलोड करने की कृपा करें।

संलग्नक-
1- प्रबन्धक/व्यवस्थापक द्वारा संशोधित विज्ञापन प्रपत्र सं० म०-11/2025-26 दिनांक 5-9-2025 की प्रति
2- दैनिक समाचार पत्र आज एवं राष्ट्रीय सहारा में प्रकाशित विज्ञापन दिनांक 6-9-2025 की मूल प्रति
3- श्रीमान जिला विद्यालय निरीक्षक बस्ती द्वारा किये गये पद पूर्ति/अनुज्ञा आदेश दिनांक-2-7-2025 की छाया प्रति
4- पूर्व में प्रकाशित कराये गये पद के विज्ञापन दिनांक-6-7-25 एवं संशोधित विज्ञापन दिनांक 31-7-2025 की आज व स्वतंत्र भारत की मूल प्रति

(हस्ताक्षर)
प्रबन्धक/व्यवस्थापक
श्री पंचायती स्वामी ब्रह्मानन्द आदर्श संस्कृत
महाविद्यालय नया बाजार बस्ती।

मो० 8765373451

# पंचायती स्वामी ब्रम्हानन्द आदर्श संस्कृत महाविद्यालय

नया बाजार, पोस्ट–पुरानी बस्ती, जनपद–बस्ती (उ0प्र0), पिन–272002

सेवा में,

मुख्य सम्पादक महोदय

दैनिक समाचार पत्र आज, स्वतन्त्र भारत, राष्ट्रीय सहारा।

पत्रांकः– सं0महा0–11 /2025–26 दिनांक : 05.09.2025

## सूचना/संशोधित विज्ञापन

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से सम्बद्ध एवं मान्यता प्राप्त अनुदानित महाविद्यालय श्री पंचायती स्वामी ब्रम्हानन्द आदर्श संस्कृत महाविद्यालय नया बाजार बस्ती में नव्य व्याकरण विषय के एक पद पर नियुक्ति करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र की मांग दैनिक समाचार पत्र आज के पेज–02, राष्ट्रीय सहारा के पेज–05 तथा स्वतन्त्र भारत के पेज–11 पर दिनांक 06.07.2025 को विज्ञापन प्रसारित करते हुये किया था। उपरोक्त तिथि के विज्ञापन में प्रवक्ता के स्थान पर विभागाध्यक्ष पढ़ा एवं समझा जाय। पूर्व प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन पत्र प्राप्त कराया है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। पूर्व में प्राप्त कराये गये आवेदन पत्र नव्य व्याकरण विभागाध्यक्ष के पद पर नियुक्त करने हेतु मान्य होगी। अन्य इच्छुक अर्ह अभ्यर्थियों से पूर्व प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर प्रवक्ता के स्थान पर नव्य व्याकरण विभागाध्यक्ष विषय पद हेतु संशोधित विज्ञापन दिनांक 31.07.2025 एवं 01.08.2025 में प्रकाशित कर आवेदन मांग किया गया। प्रकाशित तिथि के 21 दिन तक आवेदन पत्र प्राप्त कराने के लिए समय दिया गया था। संशोधित विज्ञान सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के वेवसाइट पर अपलोड न दिखाने के कारण पुनः संशोधित विज्ञापन दिनांक 06.07.2025 के क्रम में प्रकाशित किया जा रहा है। प्रकाशित तिथि से 21 दिन तक पद के सापेक्ष इच्छुक अभ्यर्थी प्रबन्धक/व्यवस्थापक के पद नाम से आवेदन पत्र मय शुल्क प्राप्त करायें। समय के उपरान्त आवेदन पत्र मान्य नहीं होगा।

भवदीय

राघवेन्द्र प्रसाद मिश्र

प्रबन्धक/व्यवस्थापक

श्री पंचायती स्वामी ब्रम्हानन्द आदर्श

संस्कृत महाविद्यालय नया बाजार, बस्ती

पोस्ट–पुरानी बस्ती

जनपद–बस्ती

मो0 : 8765373451

प्रेषक,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
बस्ती।

सेवा में,

कुल सचिव,
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय,
वाराणसी।

पत्रांक/ /2025–26 दिनांक– 02-7-2025

**विषयः–श्री पंचायती, स्वामी ब्रह्मानन्द आर्दश संस्कृत महाविद्यालय नया बाजार बस्ती में रिक्त शैक्षणिक पदों की पद पुष्टि एवं नियुक्ति अनुज्ञा प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक प्रबन्धक के पत्र दिनांक 20.05.2025 द्वारा विद्यालय में सृजित, कार्यरत एवं रिक्त पदों की सूचना प्रेषित किया गया। जिसके क्रम में अवगत कराना है कि विद्यालय द्वारा प्राप्त अभिलेखों के आधार पर नव्य व्याकरण प्रवक्ता का पद रिक्त है।

अतः प्रबन्धक के द्वारा उपलब्ध कराये गये पत्रजातों के आधार पर नव्य व्याकरण प्रवक्ता एक पद की पद पुष्टि/अनुज्ञा प्रदान की जाती है तथा प्रबन्धक श्री पंचायती, स्वामी ब्रह्मानन्द आर्दश संस्कृत महाविद्यालय नया बाजार जनपद–बस्ती के पत्र दिनांक 20.05.2025 एवं 13.06.2025 की छायाप्रति संलग्न कर आपकी सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

**संलग्नकः**–उक्तवत्।

भवदीय

**(जगदीश प्रसाद शुक्ल)**
जिला विद्यालय निरीक्षक,
बस्ती।

पृ0सं0/संस्कृत/ 3121-23 /2025–26 तद्दिनांक।

**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

1–शिक्षा निदेशक(मा0), शिक्षा सामान्य (2) विस्तार अनुभाग, इलाहाबाद।

2–प्रबन्धक/प्राचार्य श्री पंचायती, स्वामी ब्रह्मानन्द आर्दश संस्कृत महाविद्यालय नया बाजार जनपद–बस्ती

जिला विद्यालय निरीक्षक,
बस्ती।

# सूचना/संशोधित विज्ञापन

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से सम्बद्ध एवं मान्यता प्राप्त अनुदानित महाविद्यालय श्री पंचायती स्वामी ब्रह्मानन्द आदर्श संस्कृत महाविद्यालय नया बाजार बस्ती में नव्य व्याकरण विषय के एक पद पर नियुक्ति करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र की मांग दैनिक समाचार पत्र आज के पेज-02, राष्ट्रीय सहारा के पेज-5 तथा स्वतंत्र भारत के पेज-11 पर दिनांक 06-07-2025 को विज्ञापन प्रसारित करते हुए किया था। उपरोक्त तिथि के विज्ञापन में प्रवक्ता के स्थान पर विभागाध्यक्ष पढ़ा एवं समझा जाय। पूर्व प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन पत्र प्राप्त कराया है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। पूर्व में प्राप्त कराये गये आवेदन पत्र नव्य व्याकरण विभागाध्यक्ष के पद पर नियुक्त करने हेतु मान्य होगी। अन्य इच्छुक अर्ह अभ्यर्थियों से पूर्व प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर प्रवक्ता के स्थान पर नव्य व्याकरण विभागाध्यक्ष विषय पद हेतु संशोधित विज्ञापन दिनांक 31-07-2025 एवं 01-08-2025 में प्रकाशित कर आवेदन मांग किया गया। प्रकाशित तिथि के 21 दिन तक आवेदन पत्र प्राप्त कराने के लिए समय दिया गया था। संशोधित विज्ञापन सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड न दिखाने के कारण पुनः संशोधित विज्ञापन दिनांक 06-07-2025 के क्रम में प्रकाशित किया जा रहा है। प्रकाशित तिथि से 21 दिन के सापेक्ष इच्छुक अभ्यर्थी प्रबंधक/व्यवस्थापक के पदनाम से आवेदन पत्र मय शुल्क प्राप्त करायें। समय के उपरान्त आवेदन पत्र मान्य नहीं होगा।

**राघवेन्द्र प्रसाद मिश्र**-प्रबंधक/व्यवस्थापक

**श्री पंचायती स्वामी ब्रह्मानन्द आदर्श संस्कृत महाविद्यालय** नया बाजार बस्ती,

पोस्ट-पुरानी बस्ती, जनपद-बस्ती, मो.-8765373451